शाला सिद्धि
SHAALA SIDDHI

l/kkj gr eY;kdu

Ldy ekud ,o eY;kdu

dh :ijs[kk



Ldy ekud ,o eY;kdu bdkbZ
jk"Vªh; 'kf{kd ;kstuk ,oa iz'kklu fo'ofo|ky;]
ubZ fnYyh

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा)
(भारत सरकार के द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत घोषित)

© न्यूपा के द्वारा प्रथम प्रकाशित संस्करणः 2015

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) के कुलसचिव, के द्वारा प्रकाशित,
17–बी, श्री अरबिन्दो मार्ग, नई दिल्ली–110016 एवं डिजिटल एक्सप्रेसंस नई दिल्ली–110049 में परिकल्पित एवं मुद्रित।

vkHkkj

राष्ट्रीय स्कूल मानक एवं मूल्यांकन कार्यक्रम (एन.पी.एस.एस.ई.) की रूपरेखा का विकास सामूहिक प्रयास एवं विस्तृत परामर्श के आधार पर किया गया है।

'विद्यालय उन्नयन हेतु मूल्यांकन' के लक्ष्यों की प्राप्ति में राष्ट्रीय तकनीकी समूह (एन.टी.जी.) के सदस्यों, विशेषज्ञों, जिला तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, विद्यालय प्रमुखों, अध्यापकों, शिक्षक संघ, गैर सरकारी संगठनों, न्यूपा एवं एनसीईआरटी के संकाय सदस्यों का विशिष्ट योगदान एवं समर्थन प्राप्त हुआ। इन सभी के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं कि इन्होंने अपने ज्ञान एवं अनुभव को हमारे साथ साझा किया और हमारे प्रयासों को बल प्रदान किया।

हम मानव संसाधन विकास मंत्रालय के विशेष रूप से आभारी हैं कि मंत्रालय ने देश के सभी बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए विद्यालय के सम्पूर्ण विकास का लक्ष्य निर्धारित किया एवं इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्कूल मानक एवं मूल्यांकन को एक अनिवार्य पूर्व–आवश्यकता के रूप में स्वीकार किया।

प्रो. आर. गोविंदा, उपकुलपति, न्यूपा के सतत् एवं स्थायी सहयोग एवं निर्देशन के बिना इस सार्थक पहल को पूर्ण करना असंभव था। विद्यालय उन्नयन में विद्यालय मूल्यांकन की उपयोगिता के बारे में उनकी आस्था और विश्वास के फलस्वरूप न्यूपा में स्कूल मानक एवं मूल्यांकन इकाई की स्थापना हुई। उन्होंने एक योग्य एवं कुशाग्र अग्रणी के रूप में कार्यक्रम की विभिन्न विकासात्मक अवस्थाओं में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के संरक्षक एवं पथ प्रदर्शक के रूप में हम इनके बहुत आभारी हैं।

अंत में, इस कार्यक्रम के विभिन्न प्रकाशनों के संपादन एवं प्रकाशन कार्य के लिए, हम प्रकाशन विभाग के विशेष रूप से आभारी हैं।

Ldy ekud ,oa eY;kdu bdkbZ

Ldy ekud ,o eY;kdu bdkbZ&dkj Vhe

प्रोफेसर प्रणति पांडा, अध्यक्ष, स्कूल मानक एवं मूल्यांकन इकाई
डा. संजीव कुमार झा
कु. अनु डबास
श्री विस्वाबासु स्वैन
श्री रूपेन्द्र परमार
कु. विधि गौड़

lg;kxh fo'k"kK

राष्ट्रीय तकनीकी समूह के सदस्यगण
न्यूपा संकाय के सदस्यगण
एनसीईआरटी संकाय के सदस्यगण
एससीईआरटी, एसआईई, सीमैट, डाईट, डीईओ, बीईओ विद्यालय प्रमुखों, अध्यापकों के विशेषज्ञ प्रतिनिधि
सभी राज्यों एवं संघीय क्षेत्रों से प्रमुख कार्यकारी प्रतिनिधि
गैर–सरकारी संगठनों के विशेषज्ञ
शिक्षक संघ के प्रतिनिधि

fo"k; lph

vkHkkj III

1-0 jk"Vªh; Ldwy ekud ,oa eY;kadu dk;ZØe ¼,u-ih-,l-,l-b-½ 1

1.1 राष्ट्रीय स्कूल मानक एवं मूल्यांकन कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य 2

1.2 अवधारणात्मक और क्रियात्मक योजनाः एन.पी.एस.एस.ई. 3

2-0 Ldwy ekud ,oa eY;kadu dh :ijs[kk ¼,l-,l-b-,Q-½ 5

2.1 एस.एस.ई.एफ. की संरचना 5

2.2 मुख्य आयाम एवं मूल मानक 6

2.3 स्कूल मूल्यांकन एवं सुधार प्रक्रिया 7

3-0 eq[; vk;keksa dh lajpuk 8

4-0 Ldwy eY;kadu dk mikxe 12

4.1 स्कूल मूल्यांकन हेतु दिशानिर्देश 12

5-0 Ldwy eY;kadu M'kcksMZ dh ckjs esa 13

6-0 jkT; fof'k"Vrk] vuqdwyu] lanHkhdj.k vkj vuqokn 14

7-0 oSc ikVZy 14

8-0 eq[; vk;ke vkj ewy ekud

eq[; vk;ke I
स्कूल संसाधनः उपलब्धता, पर्याप्तता एवं उपयोगिता 15

eq[; vk;ke II
शिक्षण–अधिगम एवं आकलन 35

eq[; vk;ke III
बच्चों की प्रगति, उपलब्धि एवं विकास 49

eq[; vk;ke IV
अध्यापकों के कार्य निष्पादन का प्रबंधन एवं व्यावसायिक विकास 61

eq[; vk;ke V
विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन 75

eq[; vk;ke VI
समावेशन, स्वास्थ्य और सुरक्षा 89

eq[; vk;ke VII
समुदाय की गुणात्मक सहभागिता 103

jk"Vªh; Ldy ekud ,oa eY;kadu dk;ZØe ¼,u-ih-,l-,l-b-½

''विद्यालयी शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए हम सिफारिश करते हैं कि विद्यालयी सुधार हेतु एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम प्रारंभ किया जाये जिसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय के लिए ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की जाऐं कि वह अपनी क्षमता के अनुरूप अच्छे परिणामों की प्राप्ति हेतु निरन्तर प्रयासरत रहे।'

शिक्षा आयोग 1964–66

n'f"Vdks.k ¼Vision½

^^jk"Vªh; Ldy ekud ,oa eY;kadu dk;ZØe dh ifjdYiuk ,d ,sls ldkjkRed dne ds :i esa dh xbZ gS ftldk }kjk fo|ky;ksa dk Lo;a ds l/kkj gksrs fujUrj iz;kl djus ds fy;s l{ke cukuk vis{kr gSA**

भारतीय शिक्षा में प्रभावी विद्यालयों एवं विद्यालय संचालन में गुणवत्ता लाने की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है ताकि सभी बच्चों के लिये गुणात्मक शिक्षा की व्यवस्था संभव हो सके। स्कूल शिक्षा में गुणवत्ता हेतु किए जाने वाले प्रयासों के लिए आवश्यक है कि विद्यालय के कार्य निष्पादन और सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाए। अतः विद्यालय सुधार हेतु व्यापक एवं समग्र विद्यालय मूल्यांकन व्यवस्था की आवश्यकता पर उत्तरोत्तर अधिक बल दिया जा रहा है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासनिक विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्कूल मानक एवं मूल्यांकन कार्यक्रम चला रहा है। स्कूल मानक एवं मूल्यांकन का राष्ट्रीय कार्यक्रम ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य प्रत्येक विद्यालय का एक संस्था के रूप में मूल्यांकन करना और जवाबदेही के साथ स्व–उन्नयन की संस्कृति का निर्माण करना है। राष्ट्रीय स्कूल मानक एवं मूल्यांकन कार्यक्रम ''विद्यालय मूल्यांकन'' को साधन के रूप में और ''विद्यालय सुधार'' को साध्य के रूप में देखता है।

यह कार्यक्रम देश के सभी विद्यालयों को स्कूल मूल्यांकन की सतत् एवं संस्थागत व्यवस्था के अंतर्गत लाने का प्रयास है, इसलिए यह विद्यालय–मूल्यांकन, क्या हो, क्यों हो, कैसे हो के बारे में हितधारकों में एक सामान्य समझ विकसित करने का प्रयास करता है।

राष्ट्रीय स्कूल मानक एवं मूल्यांकन कार्यक्रम 'गुजरात के गुणोत्सव', 'उड़ीसा के समीक्षा कार्यक्रम', 'कर्नाटक विद्यालयी गुणात्मक आकलन एवं मान्यता द्वारा विकसित मूल्यांकन रूपरेखा' इत्यादि विद्यालय मूल्यांकन संबंधी वर्तमान प्रयासों एवं प्रक्रियाओं पर आधारित है। यह कार्यक्रम विद्यालय मूल्यांकन पर अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोधों पर भी आधारित है।

jk"Vªh; Ldwy ekud ,oa eY;kadu dk;ZØe dk ekxZn'kh fl)kar

- यह संवैधानिक मूल्यों, राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों, पाठ्यचर्या की रूपरेखा, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम'2009, एवं राष्ट्रीय योजनाओं जैसे सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान पर आधारित है।
- यह विद्यार्थी को केन्द्र में रखते हुए विद्यालय को मूल्यांकन की इकाई के रूप में देखता है।
- विद्यालय मूल्यांकन को सतत् प्रक्रिया स्वीकार करते हुए यह विद्यालय में उत्तरोत्तर सुधार पर बल देता है।
- यह विद्यालय मूल्यांकन को विभिन्न स्तरों पर सभी हितधारकों के सहयोगपूर्ण प्रयास के रूप में देखता है।
- यह प्रत्येक विद्यालय को अपने कार्यों को समझने के लिए सक्षम बनाता है जिससे वे सतत् स्व–सुधार की ओर अग्रसर हो सकें।

1-1 jk"Vªh; Ldwy ekud ,oa eY;kadu dk;ZØe dk eq[; mís';&

- भारतीय विद्यालयों की विविधता के अनुरूप तकनीकी रूप से उपयुक्त अवधारणात्मक रूपरेखा, प्रविधि, मूल्यांकन उपकरण और मूल्यांकन प्रक्रिया का विकास करना।
- राज्यों में संस्थागत मशीनरी की स्थापना के लिए मानवीय संसाधनों का विकास करना ताकि स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यालयी मूल्यांकन रूपरेखा में बदलाव किया जा सके।
- विद्यालय एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की क्षमताओं का विकास करना ताकि वे स्कूल मूल्यांकन के माध्यम से विद्यालयी सुधार के लिय सतत् प्रयासरत रहें।
- विद्यालय प्रासंगिक आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्था में बदलाव लाना, विद्यालय मूल्यांकन रिपोर्ट का विश्लेषण करना और उपयुक्त नीतिगत परिवर्तन करना।


^Ldy eY;kdu* d ek/;e l ^Ldy lq/kkj*

- प्रत्येक विद्यालय अपने परिप्रेक्ष्य, आकार, परिस्थति और संसाधनों के संदर्भ में विशिष्ट है।
- विद्यालय को राष्ट्रीय दृष्टिकोण को पूर्णरूप से लागू करने का जनादेश प्राप्त है।
- विद्यालय मूल्यांकन से अभिप्राय है किसी विद्यालय विशेष के कार्यों का सतत् एवं समग्र मूल्यांकन।
- अपने मजबूत पहलुओं तथा सुधार हेतु तात्कालिक कार्यवाई की आवश्यकता वाले पहलुओं की पहचान करने के लिये आवश्यक है कि प्रत्येक विद्यालय अपनी वर्तमान गतिविधियों का आलोचनात्मक विश्लेषण करें।
- विद्यालय मूल्यांकन में सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोगात्मक संस्कृति का विकास होता है जिसके फलस्वरूप उपयुक्त निर्णय करना संभव हो जाता है।
- अनुभवों के सामूहिक आदान–प्रदान और चिन्तन के माध्यम से विद्यालय मूल्यांकन शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया और अध्यापकों को समृद्ध करता है।
- विद्यालय मूल्यांकन में अन्तर्निहित समीक्षा प्रविधि के प्रावधान से अधिक अच्छा नियोजन और उसका प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है।
- स्कूल मूल्यांकन विद्यालय विशेष को समग्रता में सशक्त करता है ताकि परिवर्तन को अपनाते हुए स्थायी बदलाव को प्रोत्साहित किया जा सके।

1-2 voèkkj.kkRed vkj fØ;kRed ;kstuk% ,u-ih-,l-,l-b-

एन.पी.एस.एस.ई. के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये आवश्यक है कि कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए इसके मुख्य बिन्दुओं को चिन्हित किया जाऐ जैसे– सामग्री निर्माण, महत्त्वपूर्ण कर्मचारियों की क्षमताओं का निर्माण एवं विकास तथा उपयुक्त संस्थाओं एवं प्रासंगिक शोध की उपलब्धता।

कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शन एवं समर्थन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय तकनीकी समूह (एन.टी.जी.) का गठन किया गया है जिसमें पूरे देश से विभिन्न प्रकार की संस्थाओं में कार्यरत विशेषज्ञों को मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों में राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु राज्य स्तर पर राज्य तकनीकी समूहों का (एस.टी.जी.) का गठन किया गया है।



,u-ih-,l-,l-bZ- dh voèkkj.kkRed vkj fØ;kRed ;kstuk

2-0 Ldy ekud ,o eY;kdu dh :ijs[kk ¼,l-,l-bZ-,Q-½

स्कूल मानक एवं मूल्यांकन रूपरेखा का विकास स्कूल मूल्यांकन के लिए व्यापक साधन के रूप में किया गया है। यह रूपरेखा विद्यालय को अपनी गतिविधियों का पूर्वपरिभाषित मानकों के अनुरूप मूल्यांकन करने में सहायक सिद्ध होगी।

एसएसईएफ को राज्य स्तर के अधिकारियों, जिला एवं ब्लॉक स्तर के शिक्षा अधिकारियों, शिक्षाविदों, विद्यालय प्रमुखों, शिक्षक संघ, अध्यापकों आदि की सहभागिता से विकसित किया गया है। यह रूपरेखा सभी हितधारकों की पारस्परिक सहमति पर आधारित है कि 'विद्यालय सुधार हेतु विद्यालय मूल्यांकन किस प्रकार से किया जाए'।

एसएसईएफ विकास के दौरान इसके प्रत्येक पहलू का विद्यालयों में समुचित परीक्षण किया गया है।

Ldy ekud ,o eY;kdu :ijs[kk dh e[; fo'ks"krk,¡

- यह रूपरेखा विद्यालय के मुख्य आयामों को चिह्नित करती है और प्रत्येक मुख्य आयाम के अंतर्गत मूल्यांकन एवं सुधार हेतु मूल मानकों का निर्धारण करती है।
- यह रूपरेखा स्व–मूल्यांकन एवं बाह्य–मूल्यांकन दोनों के लिए व्यापक साधन है।
- यह रूपरेखा विभिन्न प्रकार के स्कूलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्यों को विद्यालयों की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु इसमें उपयुक्त बदलाव की छूट प्रदान करती है।
- इसका उपयोग विद्यालय एवं बाह्य मूल्यांकनकर्त्ताओं द्वारा तर्कसंगत ढंग से आसानी से किया जा सकता है।
- यह रूपरेखा मूल्यांकन प्रक्रिया को सतत् और पारदर्शी बनाती है।

2-1 ,l,lbZ,Q dh lajpuk


एसएसईएफ में सात 'मुख्य आयाम' हैं जो कि विद्यालय के कार्यों के मूल्यांकन के महत्त्वपूर्ण मानदण्ड हैं। प्रत्येक 'मुख्य आयाम' में मूल मानकों का एक समूह है जो उस कार्यक्षेत्र के अधिकांश महत्त्वपूर्ण घटकों के बारे में बताता है। प्रत्येक मुख्य आयाम के क्रमबद्ध चरण हैं 'विचारणीय आधारबिंदु', 'तथ्यात्मक जानकारी', 'मूल मानक' (विवरणात्मक विषयवस्तु) एवं 'सहायक साक्ष्य'। ये सब मिलकर स्कूल के कार्य–स्तर के बारे में गुणात्मक निर्णय लेने में सहायक होते हैं। प्रत्येक आयाम के अंत में उत्तर सारिणी दी गई है जिसमें निर्णयों को लिखा जाता है। प्रत्येक स्कूल से अपेक्षा की जाती है कि वह स्कूल मूल्यांकन डैशबोर्ड के रूप में विद्यालय मूल्यांकन की समेकित रिपोर्ट तैयार करे।

2-2 e[; vk;ke ,oa ey ekud

e[; vk;ke	ey ekud
स्कूल संसाधनः उपलब्धता, पर्याप्तता और उपयोगिता	➢ विद्यालय परिसर ➢ खेल का मैदान, खेल सामग्री और उपकरण ➢ कक्षा–कक्ष और अन्य कक्ष ➢ विद्युत और उपकरण ➢ पुस्तकालय ➢ प्रयोगशाला (जहाँ प्रावधान हो) ➢ कम्प्यूटर (जहाँ प्रावधान हो) ➢ रैम्प ➢ मध्याह्न भोजन, रसोई और बर्तन (जहाँ भोजन विद्यालय परिसर में बनाया जाता है) ➢ पेयजल ➢ हाथ धोने की सुविधाएँ ➢ शौचालय
शिक्षण–अधिगम एवं आकलन	➢ बच्चों के बारे में अध्यापकों की समझ ➢ अध्यापकों का विषय एवं शैक्षणिक ज्ञान ➢ शिक्षण योजना ➢ सीखने के वातावरण को समक्ष बनाना ➢ शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया ➢ कक्षा प्रबंधन ➢ बच्चों का आकलन ➢ शिक्षण–अधिगम संसाधनों का उपयोग ➢ अध्यापक का शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया पर स्व–चिंतन
बच्चों की प्रगति, उपलब्धि एवं विकास	➢ बच्चों की उपस्थिति ➢ बच्चों की भागीदारी एंव संलग्नता (जुड़ाव) ➢ बच्चों की प्रगति ➢ बच्चों का व्यक्तिगत एवं सामाजिक विकास ➢ बच्चों की उपलब्धि
अध्यापकों के कार्य निष्पादन का प्रबंधन एवं व्यावसायिक विकास	➢ नव नियुक्त अध्यापकों का उन्मुखीकरण ➢ शिक्षक उपस्थिति ➢ दायित्व का विभाजन और कार्य–प्रदर्शन लक्ष्य ➢ पाठ्यक्रम की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षकों की तैयारी ➢ शिक्षकों के कार्य–प्रदर्शन की मॉनिटरिंग ➢ शिक्षकों का व्यावसायिक विकास
विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन	➢ सोच बनाना और दिशा निर्धारित करना ➢ परिवर्तन एवं सुधार के लिए नेतृत्व ➢ शिक्षण–अधिगम के लिए नेतृत्व ➢ विद्यालय प्रबंधन के लिए नेतृत्व
समावेशन, स्वास्थ्य और सुरक्षा	➢ समावेशी परिवेश ➢ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सी.डब्ल्यू.एस.एन.) का समावेशन ➢ भौतिक/प्राकृतिक सुरक्षा ➢ भावनात्मक सुरक्षा ➢ स्वास्थ्य और स्वच्छता
समुदाय की गुणात्मक सहभागिता	➢ विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति का गठन और प्रबंधन ➢ विद्यालय के सुधार में विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति की भूमिका ➢ विद्यालय – समुदाय का आपसी संबंध ➢ अधिगम के संसाधनों के रूप में समुदाय ➢ समुदाय का सशक्तिकरण

e[; vk;ke	eY ekud
स्कूल संसाधनः उपलब्धता, पर्याप्तता और उपयोगिता	उपलब्ध भौतिक संरचना की गुणात्मकता क्या है, मानव संसाधन एवं शिक्षण–अधिगम संसाधन की उपलब्धता एवं गुणवत्ता कितनी है? (12 मानक)
शिक्षण–अधिगम एवं आकलन	शिक्षण–अधिगम तथा आकलन प्रक्रिया कितनी प्रभावी है? (9 मानक)
बच्चों की प्रगति, उपलब्धि एवं विकास	बच्चों की सीखने में प्रगति एवं उपलब्धि कितनी है व्यक्तिगत और सामाजिक विकास कैसा है? (5 मानक)
अध्यापकों के कार्य निष्पादन का प्रबंधन एवं व्यावसायिक विकास	अध्यापक के कार्य निष्पादन का प्रबंधन और विकास कैसा होता है? (6 मानक)
विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन	विद्यालय का नेतृत्व एवं प्रबंधन कैसा है? (4 मानक)
समावेशन स्वास्थ्य और सुरक्षा	स्कूल कितना समावेशी एवं सुरक्षित हैं? (5 मानक)
समुदाय की गुणात्मक सहभागिता	समुदाय एवं स्कूल का आपसी संबंध कितना प्रभावी है? (5 मानक)

2-3 Ldy eY;kdu ,o lèkkj ifØ;k



3-0 e[; vk;ke dh lajpuk

e[; vk;ke d ckj e

प्रत्येक मुख्य आयाम के प्रारंभ में उसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया है जिसमें विद्यालय के लिए निर्धारित निष्पादन क्षेत्रों के महत्व को रेखांकित किया गया है। इसमें मुख्य आयाम की विशेषताओं का भी विवरण है। प्रत्येक मुख्य आयाम क्रमबद्ध ढंग से संरचित है, जिसमें विचारणीय प्रश्न, तथ्यात्मक जानकारी, विवरण सहित मूल मानक और सहायक साक्ष्य दिए गए है जिनके द्वारा स्कूल के आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन दोनों के लिए निष्पक्ष निर्णय लिया जा सकता है। अन्त में उत्तर सारिणी दी गई है जिसमें मूल्यांकन संबंधी निष्कर्ष लिखे जा सकते हैं।

fopkj.kh; vk/kkjfcanq

यह ऐसे आधार बिंदुओं का समूह है जो प्रत्येक मुख्य आयाम की विषयवस्तु के लिए आधार तैयार करता है। ये व्यापक आधारबिंदु विद्यालय को प्रत्येक मुख्य आयाम के आधार पर स्व–मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व सामूहिक रूप से चिन्तन के लिये प्रेरित करते हैं। ये आधारबिंदु यह बताने में सहायक हैं, कि किस प्रकार की जानकारी पर विशेष ध्यान देना है ताकि विद्यालय अपना सही मूल्यांकन करने के लिए तैयार हो जाऐ।

rF;kRed tkudkjh

तथ्यात्मक जानकारी से अभिप्राय ऐसे प्रश्न समूह से है जिससे यह पता चलता है कि किसी मुख्य आयाम में विद्यालय की क्या स्थिति है। यह सांख्यकीय डेटा या संक्षिप्त उत्तरों के रूप में हो सकती है। इसके लिए संकलित कुछ जानकारी ऐसी भी हो सकती है जो उससे संबंधित मूल मानकों में उपलब्ध न हो, जिसके कारण मूल्यांकन की सार्थकता में वृद्धि होती है। स्कूल पहले से उपलब्ध जानकारी या अन्य स्त्रोतों से प्राप्त जानकारियों का इस्तेमाल मूल्यांकन के लिये कर सकता है। किसी मूल मानक के आधार पर अपने बारे में सही आकलन करने में स्कूल को तथ्यात्मक जानकारी से सहायता मिलती है। इससे बाह्य मूल्यांकनकर्ता को भी स्कूल को समझने में सहायता मिलती है जिससे वह मूल मानकों की व्याख्या पर आधारित स्कूल मूल्यांकन से संबंधित अपने आकलन की पुष्टि कर सकता है।

ey ekud

मूल मानक प्रत्येक मुख्य आयाम के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को परिभाषित करते हैं। ये मापन योग्य अपेक्षाओं को स्पष्ट करते हैं, गुणवत्ता के निम्नतम स्तर निर्धारित करते हैं और स्कूल के मूल्यांकन के लिए समान आधार प्रदान करते हैं। ये अपेक्षित स्तर को क्रमशः बढ़ते हुए तीन स्तरों के अंतर्गत रखते हैं।

ये उन सभी महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं की ओर ध्यान दिलाते हैं जिन पर किसी भी मुख्य आयाम में समग्र रूप से सुधार लाने के लिए ध्यान देना आवश्यक है। मूल मानक विकास की ओर अग्रसर विद्यालयों को दिशा प्रदान करते हैं।

e/y ekudksa dk fooj.k

ये विवरण मानकों की संपूर्ण व्याख्या करते हैं जिससे पता चलता है कि प्रत्येक स्तर पर मूल मानकों को कहाँ तक प्राप्त किया जा सकता है। ये किसी विशिष्ट स्तर पर मूल मानकों को परिभाषित करते हैं। ये मूल मानकों को प्राप्त करने के विभिन्न तरीकों को अपनाने में सहायक हैं। ये बढ़ते हुए क्रम (आरोही) में तीनों स्तरों के लिए लिखे गए हैं। इससे स्कूल को अपना स्तर तय करने में मदद मिलती है और अगले अपेक्षित स्तर की समझ बनती है क्योंकि स्तरों का विवरण बढ़ते हुए क्रम में है। यह अपेक्षा की जाती है कि स्कूल जिस स्तर पर अपने को आंकता है, उसने उससे नीचे वाले स्तर को भी प्राप्त कर लिया है। उदाहरण के लिए यदि स्कूल किसी मूल मानक के स्तर 3 पर स्वयं को आंकता है तो यह अपेक्षित है कि उसने उस मानक के स्तर 1 और 2 की अपेक्षाएँ पूरी कर ली हैं।

lk{; dk Lkkj

साक्ष्य स्कूल को यह निर्णय करने में सहायता प्रदान करता है कि वह अपने आपको किस स्तर पर आंकता है। विद्यालय से अपेक्षित है कि वह प्रत्येक मूल मानक से संबंधित अपने आकलन के पक्ष में उपयुक्त साक्ष्य प्रस्तुत करे। प्रत्येक मूल मानक के अंत में साक्ष्य के संभावित स्त्रोतों की सूची दी गई है। स्कूल जिस स्तर पर अपने को आंकता है, उसके लिए अपने निर्णय के प्रमाण के लिए इस सूची से उचित सुझाव चुन सकता है। स्कूल इस सूची के अतिरिक्त और साक्ष्य भी दे सकता है। ये स्त्रोत दस्तावेज, फोटो, सांख्यिकी या श्रव्य – दृश्य सामग्री के रूप में हो सकते हैं। स्कूल डाईस रिपोर्ट कार्ड का भी इस्तेमाल कर सकता है। तदोपरान्त स्कूल को अपने स्वयं के साक्ष्यों का स्त्रोत बनाने की भी आवश्यकता है जिसका आधार कक्षा का अवलोकन हो सकता है, जिसमें विद्यार्थियों के कथन, माता–पिता के विचार और एसएमसी के सुझाव शामिल हो सकते हैं।

- साक्ष्य स्रोतों का वर्गीकरण इस प्रकार किया जा सकता है– संदर्भ वाले साक्ष्य – सरकारी निर्देश व आज्ञापत्र, स्कूल रजिस्टर, निर्धारित मापदण्ड (Norm) आदि
- सहायक साक्ष्य– स्कूल में उपलब्ध रिकार्ड
- ऐसे साक्ष्य जिनको स्कूल द्वारा स्वयं निर्मित करने की आवश्यकता है।

mÙkj lkfj.kh ¼**Response Matrix**½

प्रत्येक मुख्य आयाम के लिए एक उत्तर सारिणी दी गई है। स्कूल को हर मूल मानक के अंतर्गत अपना उत्तर लिखने के लिए इसका इस्तेमाल करना है। स्कूल को सामूहिक विचार–विमर्श से अपना उत्तर तय करना है और प्रत्येक स्तर के विवरणों के आधार पर अपनी राय बनाना है। स्कूल को हर मूल मानक के लिए केवल एक ही स्तर चुनना है और उसके अनुरूप उत्तर देना हैं।

उत्तर सारिणी ऐसी व्यापक सारिणी है जिससे स्कूल को प्रत्येक मुख्य आयाम में अपनी वर्तमान स्थिति का संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जाता है। मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने पर स्कूल से अपेक्षित है कि वह सुनिश्चित करे कि सभी सात उत्तर सारणियाँ तैयार हो गई हैं।


uokpkj

प्रत्येक मुख्य आयाम विद्यालय को नवाचारी गतिविधियों अथवा अपनी श्रेष्ठताओं को लिखने के लिये अवसर प्रदान करता है विशेषतया ऐसी गतिविधियों के बारे में जिनका उल्लेख पहले से मूल मानकों में नहीं है। इससे प्रत्येक विद्यालय की अद्वितीयता का विवरण प्रस्तुत करना सम्भव हो जाता है। यह स्वीकार करता है कि कोई विद्यालय प्रस्तुत रूपरेखा में वर्णित कार्यों के अतिरिक्त भी कोई अन्य कार्य कर सकता है। इससे विद्यालय को अपने संदर्भ में किए गए लघुस्तरीय नवाचारों को प्रचारित करने का अवसर भी प्राप्त होता है।

lq/kkj dh fy, fu;kstu

उत्तर सारिणी में 'सुधार के लिए नियोजन' के अंतर्गत विद्यालय को अपना स्तर (I, II या III) लिखना है। विद्यालय अपने लिये सुधार के क्षेत्रों की पहचान कर सकता है जिन पर वह काम करना चाहता है और वह अपनी वर्तमान सीमाओं को ध्यान में रखते हुए कुछ क्षेत्रों को छोड़ भी सकता है। यह प्राथमिकता के आधार पर चयनित क्षेत्रों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत कर सकता हैं। इसके उपरान्त चुने हुए क्षेत्रों की प्राथमिकता तय करते हुए प्रत्येक क्षेत्र का स्तर (निम्न, मध्यम, उच्च) निर्धारित किया जाता है और चरणबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्णय लिया जाता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि प्राथमिकता से संबंधित निर्णय विद्यालय की तत्काल आवश्यकताओं, नीतियों से उत्पन्न मांग, स्थानीय संदर्भों, विद्यालय विशिष्ट मुद्दों इत्यादि पर निर्भर होंगे।

इसके उपरान्त विद्यालय प्रारम्भिक योजना (सुधार तालिका के लिए योजना) का निर्माण उपलब्ध विकल्पों के आधार पर करता है। इसके पश्चात् विद्यालय सुधार के प्रत्येक चुने हुए क्षेत्र के लिए प्रस्तावित कार्रवाई का विवरण तैयार करता है। विद्यालय के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह सभी मूल मानकों पर एक ही समय में या एक ही समयावधि के दौरान कार्य करे। इस प्रयोजन के लिए विद्यालय को प्रत्येक मूल मानक के लिए वर्ष 1, 2 या 3 (वर्ष 1, वर्ष 2 या वर्ष 3) पर सही (✓) का निशान लगाने की जरूरत है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि अपनी उत्तर सारिणी के आधार पर विद्यालय ने सोच समझ कर क्या निर्णय लिया है।



e[; vk;kek dh lajpuk

4-0 Ldy eY;kdu dk mikxe


स्कूल मानक और मूल्यांकन की रूपरेखा स्व और बाह्य मूल्यांकन दोनों के लिए एक योजनाबद्ध उपकरण है। स्व–मूल्यांकन को विद्यालय मूल्यांकन प्रक्रिया की धुरी के रूप में जाना जाता है। बाह्य मूल्यांकन का स्व–मूल्यांकन के पूरक के रूप में प्रयोग होता है और दोनों के फलस्वरूप स्कूलों की श्रेष्ठताओं एवं कमियों का निर्धारण होता है। इसका उद्देश्य विद्यालय के सुधार हेतु विद्यार्थियों का संपूर्ण चित्रण करना है।

	Lo&eY;kdu	cká&eY;kdu
D;k	विद्यालय की दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों से जुड़ी हुई एक सतत् और चक्रीय प्रक्रिया है।	विद्यालय के कार्य निष्पादन की एक स्पष्ट और वस्तुनिष्ठ तस्वीर विकसित करने के लिए स्व–मूल्यांकन की पूरक प्रक्रिया।
dku	विद्यालय के सभी हित–धारक जिनमें विद्यालय प्रबंधन समिति/विद्यालय विकास प्रबंधन समिति भी शामिल है, पारस्परिक सहयोग से कार्य करते हैं।	मूल्यांकनकर्ता विद्यालय से बाहर के होते हैं परन्तु शिक्षा विभाग से होते हैं, जैसे– शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के मुख्य अध्यापक, अन्य लोक प्रशासक आदि।
dl	स्व–मूल्यांकन प्रक्रिया में सम्मिलित हैं– सभी हितधारकों को तैयार करना, साक्ष्यों को एकत्रित करना एवं विश्लेषण करना, उत्तर सारिणी में निर्णय लिखना, विद्यालय मूल्यांकन डैशबोर्ड में समेकित रिपोर्ट लिखना।	मूल्यांकनकर्ता विद्यालय के 'समालोचक मित्र' के रूप में कार्य करते हैं, स्व–मूल्यांकन दस्तावेजों का विश्लेषण और समीक्षा करते हैं, अध्यापकों, माता–पिता, बच्चों और अन्य हित–धारकों से अतिरिक्त जानकारी लेते हैं, कक्षा–कक्ष की व्यवस्था और विद्यालय की कार्य प्रणाली का निरीक्षण करते हैं, विद्यालय को उद्देश्यपूर्ण फीडबैक देते हैं, निर्णय को रिकार्ड करते हैं और मूल्यांकन रिपोर्ट को तैयार करते हैं, सुधार हेतु प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग प्रदान करते हैं।
	ijd eY;kdu	
dc	सत्र के दौरान किया जाता है। (जुलाई–जून) (विद्यालय मूल्यांकन डैशबोर्ड में भरी गई समेकित रिपोर्ट को सत्र के अन्त में जमा करने की आवश्यकता होती है।)	मध्य – सत्र में और सत्र की समाप्ति पर अभ्यास के रूप में यह एक वर्ष में दो बार नियोजित की जाती है। (राज्यों में अपने मापदण्ड के अनुसार बाह्य मूल्यांकन की आवृति के बारे में निर्णय लिया जा सकता है।)

4-1 Ldy eY;kdu gsrq fn'kkfunsZ'k

स्कूल मूल्यांकन हेतु दिशानिर्देश का उद्देश्य स्व–मूल्यांकन और बाह्य–मूल्यांकन प्रक्रियाओं को एक क्रमबद्ध एवं दक्षतापूर्ण तरीके से करने में सहयोग प्रदान करना है।

सभी विद्यालयों और बाह्य–मूल्यांकनकर्ताओं से अपने निर्णयों को अधिक सटीक बनाने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।



*स्कूल मूल्यांकन दिशानिर्देश का संदर्भ लें।

5-0 Ldy eY;kdu M'kcksM dk ckj esa

स्कूल मूल्यांकन डैशबोर्ड प्रत्येक विद्यालय के प्रमुख निष्पादन क्षेत्रों और मूल मानकों जिसमें सुधार हेतु उठाये गए कदम सम्मिलित हैं, की समेकित स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने को सहज बनाता है। इसके तीन भाग हैं– (i) विद्यार्थियों और अध्यापकों के बारे में अधारभूत जानकारियाँ (ii) विद्यालय समग्र मूल्यांकन की संयुक्त सारिणी जो सात प्रमुख क्षेत्रों और उनके मूल मानकों में विद्यालयी निष्पादन की समग्र तस्वीर उपलब्ध कराती है, और (iii) सतत् विद्यालय सुधार योजना हेतु कार्य योजना। डैशबोर्ड पर बाह्य मूल्यांकन रिपोर्ट के लिए भी प्रावधान होता है।

'स्कूल मूल्यांकन डैशबोर्ड' एक विशेष वेब पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। विद्यालय संवादात्मक (Interactive) वेब पोर्टल का प्रयोग करते हुए अपनी स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट जमा कर सकते हैं। बाह्य–मूल्यांकनकर्ताओं को मूल्यांकन रिपोर्ट देने के लिए उसी वेब पोर्टल का प्रयोग करना होता है। स्व–मूल्यांकन और बाह्य–मूल्यांकन को शामिल करते हुए वेब पोर्टल के द्वारा एक समेकित विद्यालयी मूल्यांकन रिपोर्ट ऑनलाइन तैयार हो जाती है।

'स्कूल मूल्यांकन डैशबोर्ड' का उपयोग विद्यालय मूल्यांकन रिपोर्ट और उनके आंकड़ों को देखने और विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है जिसे विद्यालय को उपयुक्त सहायता देने के लिए ब्लाक, जिला और राज्य स्तर तक समेकित किया जा सकता है। यह विद्यालयों की अपनी उत्तरोत्तर प्रगति एवं सुधार की जानकारी प्राप्त करने में सहायता करता है। यह विद्यालयों को अपने सतत् सुधार हेतु उपयुक्त कार्यवाही के लिए दिशानिर्देश प्रदान करता है और अपने कार्यों के पुर्नमूल्यांकन का अवसर प्रदान करता है। ब्लॉक, जिला और राज्य स्तरीय समेकित आंकड़े सभी स्तरों पर नीतिपरक निर्णयों में सहायता दे सकते हैं।

6-0 jkT; fof'k"Vrk] vuqdyu] lanHkhdj.k vkj vuqokn

एसएसईएफ राज्यों को विद्यालय मूल्यांकन मार्गदर्शी सिद्धांत प्रदान करता है। यह उन्हें राज्य की विशिष्ट नीतियों तथा उनके सामाजिक सांस्कृतिक संदर्भ के अनुरूप अनुकूलन के लिए प्रोत्साहित करता है। यह रूपरेखा में राज्य विशिष्ट भाषा के संदर्भ में अनुकूलन, संदर्भीकरण तथा अनुवाद के लिए अवसर प्रदान करता है।

7-0 oSc ikVZy



स्कूल मानक और मूल्यांकन को स्थायी बनाने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम एक समर्पित और संवादात्मक (Interactive) वेब पोर्टल द्वारा संचालित हैं। वेब पोर्टल में कार्यक्रम संबंधी सभी दस्तावेज़ हैं जो उपयोगकर्ताओं द्वारा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

वेब पोर्टल संवादात्मक मंच है जहाँ प्रत्येक विद्यालय अपनी स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट ऑनलाइन जमा कर सकता है। बाह्य मूल्यांकनकर्ता को भी मूल्यांकन रिपोर्ट देने के लिए इसी वेब पोर्टल का प्रयोग करना होता है। स्व तथा बाह्य विद्यालय मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ एक समेकित विद्यालय मूल्यांकन रिपोर्ट ऑनलाइन तैयार की जाती है।

प्रत्येक विद्यालय का यू.डी.आई.एस.ई. (UDISE) कोड ही उनका लॉग इन आई डी है जिसके द्वारा वह अपना पासवर्ड बना सकता है। इसी प्रकार सभी ब्लॉक, जिला और राज्य अपनी लॉग इन आईडी और पासवर्ड बना सकते हैं।

वेब पोर्टल की यह विशेषता है कि इसमें प्रत्येक विद्यालय की मूल्यांकन रिपोर्ट अभिभावक और आम नागरिक सभी को उपलब्ध होती है और वे अपना फीडबैक भी दे सकते हैं।

वेब पोर्टल का उपयोग निम्नलिखित सभी हितधारकों के द्वारा किया जा सकता है–

1- fo|ky;
- यूडाईस कोड को लॉग–इन आईडी के रूप में प्रयोग करते हुए अपनी लॉग–इन आईडी बनाते हैं और अपना पासवर्ड बना सकते हैं।
- विद्यालय सुधार के लिए स्व–मूल्यांकन आंकड़े और कार्य योजना को ऑनलाइन भरते हैं।
- स्व–मूल्यांकन आंकड़े भरने के पश्चात् विद्यालय की स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार होती है।

2- ckg~; eY;kadudrk
- संबंधित विद्यालय के लिए लॉग–इन आईडी और पासवर्ड बना दिया जाता है।
- संबंधित विद्यालय की स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट देखना।
- बाह्य–मूल्यांकन आंकड़ों को भरना और बाह्य–मूल्यांकन रिपोर्ट को निकालना।

3- lefdr eY;kdu fjikVZ
- स्व–मूल्यांकन और बाह्य–मूल्यांकन दोनों को शामिल करते हुए समेकित मूल्यांकन रिपोर्ट ऑनलाइन प्रस्तुत करना।

4- Cykd] fty] jkT; vkj jk"Vªh; Lrj
- ब्लॉक, जिला और राज्य राष्ट्रीय स्तर के लिए लॉग–इन आईडी और पासवर्ड बनाना।
- प्रत्येक विद्यालय की मूल्यांकन रिपोर्ट देखना, ब्लॉक और जिला स्तर पर प्रक्रिया और प्रगति की निगरानी।
- विद्यालय कार्य निष्पादन मूल्यांकन का सार तैयार करना और ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सभी आयामों में मूल मानकों के स्तर का विश्लेषण करना।

e[k ; vk;ke



Ldy lalkèku% miyC/krk]
i;kIrrk vkj mi;ksfxrk

Ldy lslkèku% miyC/krk] i;kIrrk vkj mi;kfxrk

e[; vk;ke d ckj e

Ldy dk iHkkoh <x l lpkfyr dju d fy, d N lslk/kuk dk gkuk vR;r vko';d gA iR;d fo|ky; dk viuh ifØ;kvk d fy, vud lslkèkuk dh vko';drk gkrh g& Hkkfrd lslk/ku] ekuo lslk/ku] foÙkh; lslk/ku] f'k{k.k lexh vkfn Ldy dk l{ke cuku oky lslk/ku g rFkk lf{kr] lfo/kki.k] rukojfgr okrkoj.k cPpk dh i<kb e lgk;d gA Ldy lslk/kuk dh e[; fo'k"krk, mudh ljy miyC/krk vkj iHkkfodrk gA ljy miyC/krk l rkRi;d g fd lHkh lf{kr ,o vfuok;d lfo/kk, i;kx dju okyk d fy, ljyrk l miyC/k gA iHkkfodrk l rkRi;d g fd lHkh slk/kuk dk i.kr% HkyhHkkfr mi;kx gk jgk gA vr% fo|ky; d fy, ;g vko';d g fd og miyc/k slk/kuk dk i.kr% mi;kx dj rkfd vf/kxe d fy, lgk;d okrkoj.k dk fuek.k gk ld vkj lkFk gh Ldy e lj{kk] LokLF; vkj LoPNrk dk Hkh mPp Lrj cuk jgA

fopkj.kh; vk/kkjfcnq

i-1- स्कूल में कौन से संसाधन उपलब्ध हैं और क्या वे पर्याप्त हैं?

i-2- स्कूल में इन संसाधनों की गुणवत्ता और उपयोगिता कितनी है?

i-3- स्कूल ने साइबर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए क्या–क्या उपाय किए हैं?

rF;kRed tkudkjh

(स्कूल, यदि आवश्यक हो तो, एक से अधिक विकल्प का चयन कर सकता है)

1. पूरे विद्यालय परिसर का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) _____

2. खेल के मैदान का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में), (यदि उपलब्ध है) _____

3. यदि कोई खेल का मैदान नहीं है, तो विद्यालय में खुली जगह का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) _____

4. विद्यालय में पढ़ाई जाने वाली कक्षाएँ– कक्षा _____ से कक्षा _____ तक

5. विद्यालय में कुल नामांकन (30 सितंबर को)

   क. प्राथमिक कक्षाओं में बालक _____ बालिकाएँ _____ योग _____

   ख. उच्च प्राथमिक कक्षाओं में बालक _____ बालिकाएँ _____ योग _____

   ग. माध्यमिक कक्षाओं में बालक _____ बालिकाएँ _____ योग _____

6. विद्यालय भवन की दशा

   क. अच्छी ☐ ग. अधिक मरम्मत की आवश्यकता है ☐

   ख. मामूली मरम्मत की आवश्यकता है ☐ घ. विद्यालय का भवन नहीं है ☐

7. विभिन्न गतिविधियों, खेल–कूद, कला–शिक्षा, कार्य–अनुभव और अन्य सह–शैक्षिक गतिविधियों के लिए उपलब्ध उपकरणों एवं सामग्री की सूचीः

8. विद्यालय में उपलब्ध कक्षा–कक्ष (क्लासरूम)

   क. कक्षा–कक्षों की संख्या _____

   ख. उन कक्षा–कक्षों की संख्या जिनमें विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान है (एस.एस.ए./ आर.एम.एस.ए. के मानदंडों के अनुरूप) ☐

9. कक्षा–कक्षों की संख्या जिनमें विद्यार्थी चटाई, टाट–पट्टी या दरी पर बैठते हैं, _____

10. कक्षा–कक्षों की संख्या जिनमें विद्यार्थी बेंच/कुर्सियों पर बैठते हैं और उनके पास डेस्क भी हैं _____

11. विद्यार्थियों की संख्या जिनके लिए, बेंच/कुर्सियों की कमी के कारण कुछ और बेंच/कुर्सियों की आवश्यकता है _____

12. अन्य कक्षों की उपलब्धता

   क. विद्यालय–प्रमुख के लिए कक्ष ☐ ग. बालिकाओं के लिए कक्ष ☐

   ख. शिक्षकों के लिए कक्ष ☐ घ. अन्य (उल्लेख करें) _____ ☐

13. क्या पुस्तकालय के लिए अलग कक्ष है? हाँ ☐ नहीं ☐
    यदि हाँ, तो उसका क्षेत्रफल (वर्ग मीटर में) _____

14. पुस्तकालय में एक समय में बैठ कर पढ़ सकने वाले विद्यार्थियों की संख्या .....

15. पुस्तकालय का संचालन कौन करता है:

   क. पूर्णकालिक पुस्तकालयाध्यक्ष ☐ ग. विद्यालय प्रमुख ☐

   ख. अध्यापक ☐ घ. अन्य व्यवस्था (उल्लेख करें) .....

16. पुस्तकालय में उपलब्ध:

   क. शब्दकोशों और विश्वकोषों की संख्या ☐

   ख. विद्यालय में लिए जाने वाले समाचारपत्रों की संख्या ☐

   ग. विद्यालय में लिए जाने वाली पत्रिकाओं की संख्या ☐

   घ. अन्य संदर्भ पुस्तकों की संख्या ☐

17. शब्दकोषों एवं अन्य पुस्तकों के अतिरिक्त 'प्रति 100 विद्यार्थियों के लिए पुस्तकों की संख्या_____
    _____

18. विद्यालय में प्रयोगशाला की उपलब्धता:

   क. विभिन्न विषयों के लिए अलग अलग प्रयोगशालाएँ ☐

   ख. समेकित विज्ञान प्रयोगशाला ☐

   ग. उपकरणों को रखने के लिए कक्ष का केवल एक कोना या अलमारी है ☐

   घ. प्रयोगों के लिए कोई उपकरण नहीं है ☐

19. विद्यालय में उपलब्ध कम्प्यूटरों की संख्या

क. शिक्षण–अधिगम के लिए	☐	ग. पुस्तकालय के लिए	☐
ख. प्रशासन के लिए	☐	घ. कोई कम्प्यूटर उपलब्ध नहीं है	☐

20. उपलब्ध इंटरनेट सुविधा का प्रयोग किया जाता है:

क. केवल विद्यालय–प्रमुख द्वारा	☐	ग. विद्यार्थियों द्वारा	☐
ख. अध्यापकों द्वारा	☐	घ. इन्टरनेट उपलब्ध नहीं है	☐

21. विद्यालय में निम्नलिखित उपकरणों की उपलब्धता:

क. रेडियो	☐	घ. एलसीडी प्रोजेक्टर	☐
ख. टेलीविजन	☐	ङ जनरेटर	☐
ग. सीडी/डीवीडी प्लेयर	☐	च. अन्य (कृपया उल्लेख करें)	☐

22. विद्यालय में उपयोग में आने वाले शौचालय:

क. बालकों के लिए शौचालय सीटों की संख्या ☐
ख. बालिकाओं के लिए शौचालय सीटों की संख्या ☐
ग. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शौचालय (CWSN) ☐
घ. बालकों के लिए मूत्रालयों की संख्या ☐
ङ. अध्यापकों के लिए अलग शौचालयों की संख्या ☐
च. कोई शौचालय नहीं ☐
छ. शौचालय की केवल एक इकाई है ☐

23. विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पानी के नलों की संख्या

क. हाथ धोने के लिए	☐	ख. पीने के लिए (यदि अलग है तो)	☐

24. पेयजल के स्रोत:

क. ट्यूबवेल/हैंड पम्प	☐	ख. किसी एक स्रोत से आने वाले पानी के नल के द्वारा	☐

ग. कोई अन्य (उल्लेख करें) _____

25. विद्यालय में पानी के शुद्धीकरण की प्रक्रिया:

क. उबालकर	☐	ख. क्लोरिनीकरण से	☐
ग. फिल्टर से छानकर	☐	घ. कोई व्यवस्था नहीं	☐

ङ. अन्य (उल्लेख करें) .....

26. विद्यालय में हाथ धोने की उपलब्ध सुविधा किस प्रकार की है?

क. नल	☐	ख. बाल्टी और मग/लोटा	☐
ग. कोई व्यवस्था नहीं	☐	घ. अन्य (उल्लेख करें)_____	

27. क. क्या पानी ओवरहेड टैंक में संग्रहित होता है? हाँ ☐ नहीं ☐

ख. यदि हाँ, तो गत वर्ष में ओवरहेड टैंक कितनी बार साफ किया गया?_____

28. क. विद्यालय में सामूहिक सभाओं का आयोजन कहाँ होता है?

क. बरामदे/गलियारे में ☐ ग. खुली जगह में ☐

ख. सभा कक्ष में ☐ घ. निश्चित स्थान उपलब्ध है ☐

29. (i) विद्यालय में मध्याह्न भोजन (मिड–डे–मील):

क. विद्यालय में ही बनता है? हाँ ☐ नहीं ☐

ख. किसी एजेंसी द्वारा बाहर से लाया जाता है हाँ ☐ नहीं ☐

(ii) यदि विद्यालय में ही बनता है तो क्या विद्यालय में रसोईघर या खाना पकाने के लिए कमरा है? हाँ ☐ नहीं ☐

30. यह निश्चित करने के लिए कि भोजन कीड़े/मकोड़े, चूहे, छिपकली आदि से दूषित न हो, क्या सावधानी बरती जाती है?

31. क्या विद्यालय में बिजली है? हाँ ☐ नहीं ☐

क. यदि हाँ, तो कमरों की संख्या जिनमें पंखे लगे हैं _____

ख. कमरों की संख्या जिनमें बिजली के प्रकाश की सुविधा उपलब्ध है (बल्ब, सीएफएल आदि द्वारा) _____

32. कक्षाओं के अतिरिक्त विद्यालय में उपलब्ध अन्य कमरों की सूची दें और बताऐं कि उनका क्या उपयोग हो रहा है?

33. विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विवरण (जैसे निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, निःशुल्क गणवेश, छात्रवृत्ति, आदि):

क. विद्यार्थियों की संख्या जिन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें दी गईं _____

ख. विद्यार्थियों की संख्या जिन्हें निःशुल्क गणवेश दिया गया _____

ग. विद्यार्थियों की संख्या जिन्हें छात्रवृत्ति दी गई _____

घ. विद्यार्थियों की संख्या जिनकी इन सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए पात्रता है (उल्लेख करें)

_____

ey ekud	fooj.k					
	miyC/krk vkj i;kIrrk			xq.koÙkk vkj mi;kfxrk		
	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3
fo|ky; ifjlj	खुली जगह अपर्याप्त है; विद्यालय सभा के लिए सीमित स्थान है; कच्चा/अर्द्ध–कच्चा भवन या तम्बू जैसा निर्माण है; बाउंड्री वॉल/फेंसिंग नहीं है या उसमें बीच–बीच में गैप है; विद्यालय परिसर में उद्यान या पेड़ नहीं हैं।	विद्यालय सभा के लिए खुला और निर्मित क्षेत्र उपलब्ध तो है किंतु सभी विद्यार्थियों को आराम से बैठाने के लिए अपर्याप्त है; पक्का भवन है, बाउंड्री वॉल/बिना फाटक की फेंसिंग है; परिसर में छोटा सा उद्यान और थोड़े से पेड़ हैं।	विद्यार्थियों के चलने–फिरने और विद्यालय सभा के लिए पर्याप्त खुला स्थान है; बाउंड्री वॉल/फेंसिंग है; वृक्षारोपण किया गया है; मेन गेट (फाटक) है; विद्यालय में उद्यान और घास का मैदान है जिसका रख–रखाव किया गया है।	खुली जगह का उपयोग केवल विद्यालय सभा के लिए ही होता है; मैदान समतल नहीं है परिसर गंदा है तथा उचित रख–रखाव नहीं है; फर्श, दीवार, छत, खिड़कियों तथा दरवाजों की मरम्मत आवश्यक है।	विद्यालय सभा के लिए जगह/हॉल का उपयोग शारीरिक व्यायाम, समारोहों तथा विद्यालय के अन्य कार्यक्रमों में होता है; मैदान समतल है; फर्श, दीवार, छत, खिड़कियों तथा दरवाजों की छोटी–मोटी मरम्मत अकसर की जाती है।	खुली जगह और भवन स्वच्छ है और रख–रखाव उत्तम है; उपयुक्त समय पर मरम्मत की जाती है।

ey ekud	fooj.k					
	miyC/krk vkj i;kIrrk			xq.koÙkk vkj mi;kfxrk		
	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3
[ky dk eSnku] [ky lkexh vkj midj.k	खेल का मैदान उपलब्ध नहीं है; विद्यालय द्वारा पड़ोसी स्कूल के खेल के मैदान का या सामुदायिक स्थान का खेल के मैदान के रूप में उपयोग किया जाता है; खेल के उपकरण नहीं हैं या अपर्याप्त हैं।	छोटे आकार का खेल का मैदान है; कुछ खेलों के लिए दूसरे स्कूल के खेल–मैदान का कभी–कभी उपयोग होता है; केवल कुछ खेलों के लिए ही पर्याप्त खेल सामग्री उपलब्ध है।	विद्यालय परिसर में ही ठीक आकार का खेल का मैदान उपलब्ध है; विभिन्न खेलों के लिए पर्याप्त उपकरण और सामग्री उपलब्ध है।	विद्यार्थी अक्सर वही खेल खेलते हैं जिनमें किसी सामग्री की आवश्यकता नहीं होती है या सामग्री की कम आवश्यकता होती है; विद्यार्थियों को खेलों के लिए किसी प्रकार के मार्गदर्शन एवं निगरानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है।	विद्यार्थी विद्यालय में उपलब्ध खेल के मैदान का उपयोग कुछ ही खेलों के लिए कर पाते हैं; खेलों के लिए निश्चित समय निर्धारित है; खेलों की सभी गतिविधियों के लिए निगरानी की व्यवस्था है; खेल उपकरण उपलब्ध हैं और उनके रख–रखाव की व्यवस्था है तथा आवश्यकतानुसार वे उपलब्ध होते हैं; खेलों का आयोजन स्कूल में या किसी अन्य स्थान पर किया जाता है।	विद्यार्थी योजनाबद्ध तरीके से विविध खेलों में हिस्सा लेते हैं; खेलों के लिए प्रशिक्षण और अभ्यास की सुविधा है; विद्यालय में सभी खेल उपकरणों की सूची है, नष्ट या खराब सामग्री की जगह नई सामग्री लाने की व्यवस्था है; विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

ey ekud	fooj.k					
	miyC/krk vkj i;kIrrk			xq.koÙkk vkj mi;kfxrk		
	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3
d{kk&d{k vkj vU; d{k	विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में सभी कक्षा कक्ष छोटे हैं; कक्षा–कक्षों के अतिरिक्त केवल विद्यालय–प्रमुख के लिए ही कक्ष उपलब्ध है; कक्षा–कक्षों में दरी या टाट–पट्टी (प्राथमिक कक्षाओं के लिए) उपलब्ध तो है, किंतु पर्याप्त नहीं है।	विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में कुछ कक्षा–कक्ष छोटे हैं; विद्यालय–प्रमुख के लिए पृथक और अध्यापकों के लिए सामूहिक कक्ष उपलब्ध है; विद्यालय में फर्नीचर आवश्यकता के अनुरूप है।	कक्षा कक्षों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में सभी के बैठने के लिए और समूहिक कार्य व अन्य गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थान है; कार्यालय, भण्डार, कला आदि के लिए अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध है; प्रत्येक कक्षा कक्ष में बेंच, कुर्सी व अन्य फर्नीचर पर्याप्त मात्रा में है; अध्यापकों के लिए अलमारी एवं लाकर उपलब्ध हैं।	सभी कक्षा–कक्षों में खिड़की से आने वाली हवा और रोशनी की कमी है; कुछ कक्षा–कक्षों में श्यामपट्ट की गुणवत्ता अच्छी नहीं है; कक्षा–कक्षों की दीवार में कुछ ही चार्ट और नक्शे लगे हैं। कक्षों में फर्नीचर निम्न गुणवत्ता का है और उसकी मरम्मत करने या बदले जाने की आवश्यकता है।	अधिकांश कक्षा–कक्षों में हवा और रोशनी उपयुक्त है, जहाँ आवश्यकता है, वहाँ पंखे लगे हैं; अधिकांश कक्षा–कक्षों की दीवारों पर चार्ट नक्शे प्रदर्शित हैं; फर्नीचर आराम दायक हैं और विद्यार्थियों की आवश्यकता को पूरा करते हैं।	सभी कक्षा–कक्षों में हवा और रोशनी अच्छी है; अन्य कक्षों में पर्याप्त फर्नीचर व साधन हैं; कक्षों में चित्र आदि लगाकर उन्हें आकर्षक बनाया गया है। फर्नीचर को सजावट की दृष्टि से आकर्षक तरीके से लगाया गया है, कक्षा कक्षों में फर्नीचर आयु के अनुरूप है, तथा विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त हैं।
fo|qr vkj midj.k	बिजली की व्यवस्था नहीं है; बैटरी द्वारा संचालित उपकरण जैसे रेडियो आदि उपलब्ध हैं।	बिजली अनियमित है; बिजली जाने या कटौती के समय कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है; सभी कक्षों में लाइट और पंखे लगे हैं; टेलीवीज़न तथा रेडियो जैसे उपकरण उपलब्ध हैं।	विद्यालय में बिजली जाने पर जनरेटर या इनवर्टर जैसी वैकल्पिक व्यवस्था है; सभी कक्षों में बल्बों और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था है। विद्यालय में लाउडस्पीकर जैसे उपकरण हैं।	विशिष्ट अवसरों पर विद्यालय द्वारा जनरेटर या बैटरी जैसे उपकरणों को किराए पर लिया जाता हैं।	बिजली के तार तथा स्विच बोर्ड अच्छी अवस्था में हैं। बिजली के उपकरणों (पंखों आदि) की समय–समय पर देखभाल की जाती है।	शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से रोकने के लिए एम.सी.बी. लगे हैं; सभी बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की समय–समय पर देखभाल और मरम्मत की जाती है और यह निश्चित किया जाता है कि सभी उपकरण काम कर रहे हैं।

e|y ekud	fooj.k					
	miyC/krk vkj i;kIrrk			x|.koÙkk vkj mi;kfxrk		
	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3
i|Lrdky;	विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पुस्तकों की संख्या अपर्याप्त है; पुस्तकालय कक्ष नहीं है और यदि है तो उसमें पढ़ने के लिए स्थान उपलब्ध नहीं हैं।	पुस्तकों, समाचार पत्र और पत्रिकाओं की संख्या पर्याप्त है, तथा उन्हें नियमित रूप से लिया जाता है; पुस्तकालय कक्ष और वाचनालय उपलब्ध है; ई–पुस्तकें या डिजिटल सामग्री उपलब्ध नहीं है।	पुस्तकों का संकलन पर्याप्त है; समाचार पत्र और पत्रिकाएँ पर्याप्त संख्या में लिए जाते हैं; पुस्तकालय का अलग कक्ष है जिसमें बैठकर पढ़ने के लिए पर्याप्त जगह है। ई–पुस्तकें और डिजिटल सामग्री उपलब्ध है।	पुस्तकें ठीक तरह से वर्गीकृत नहीं हैं; विद्यालय समय–सारिणी में पुस्तकालय के लिए अलग से कालांश नहीं है; पुस्तकें घर में पढ़ने के लिए नहीं दी जाती हैं।	पुस्तकें ठीक ढंग से रखी हैं तथा वर्गीकृत हैं, और उन्हें घर में पढ़ने के लिए दी जाती हैं; विद्यालय समय–सारिणी में पुस्तकालय के लिए अलग से कालांश है; संसाधन उपलब्ध होने पर नई पुस्तकों को पुस्तकालय के लिए खरीदा जाता है।	पुस्तकें ठीक ढंग से वर्गीकृत हैं, उन्हें अलमारियों में ठीक ढंग से रखा गया है तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा उनका नियमित उपयोग किया जाता है; पुस्तकालय में ई–पुस्तकों तथा डिजिटल सामग्री को उपलब्ध कराया गया है; शिक्षकों और विद्यार्थियों की आयु, भाषाई पृष्ठभूमि तथा अकादमिक आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर नई पुस्तकों को नियमित रूप से पुस्तकालय के लिए खरीदा जाता है। पुस्तकालय के संसाधन पढ़ने–पढ़ाने के कार्य में सहायक हैं।

ey ekud	fooj.k					
	miyC/krk vkj i;kIrrk			xq.koÙkk vkj mi;kfxrk		
	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3
ç;kx'kkyk ¼tgk¡ çkoèkku gk½	अलग से प्रयोगशाला नहीं है पर विद्यालय में कुछ स्थान उपकरणों और प्रयोगशाला की सामग्री के लिए निर्धारित है।	प्रदर्शन हेतु कुछ आधारभूत उपकरण उपलब्ध हैं। विज्ञान और गणित के लिए एक संयुक्त प्रयोगशाला (उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के परिपेक्ष में) उपलब्ध है।	विद्यालय में सभी आवश्यक प्रयोगशालाएँ हैं तथा राज्य के मापदण्ड के अनुसार सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध हैं; प्रयोगशाला में सतत् नल से आने वाले पानी और बिजली की सुविधा उपलब्ध है।	अध्यापक कुछ प्रयोगों का कक्षा में प्रदर्शन करते हैं; विद्यार्थियों को शायद ही कभी प्रयोग करने का अवसर मिलता है।	अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम के अनुसार निश्चित प्रयोगों का प्रदर्शन किया जाता है; प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को कभी–कभी प्रयोग करने का अवसर प्राप्त होता है; प्रयोगशाला में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था है।	प्रत्येक विद्यार्थी को पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रयोगों को करने का अवसर दिया जाता है। अध्यापक पाठ पढ़ाते समय प्रयोगशाला में प्रयोग करके उससे संबंधित विषयवस्तु पढ़ाते हैं।
dEI;wVj ¼tgk¡ çkoèkku gk½	विद्यालय में सीखने और सिखाने के लिए कम्प्यूटर उपलब्ध नहीं है; डिजिटल अधिगम सामग्री उपलब्ध नहीं है।	विद्यालय में अध्यापकों और विद्यार्थियों के उपयोग के लिए कुछ कम्प्यूटर उपलब्ध हैं; कुछ डिजिटल अधिगम सामग्री और सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं; इंटरनेट सुविधा नहीं है।	विद्यालय में इंटरनेट के साथ पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर उपलब्ध हैं; इस्तेमाल के लिए डिजिटल सामग्री तथा सॉफ्टवेअर भी उपलब्ध हैं।	अध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर के उपयोग का कोई अवसर नहीं हैं।	अध्यापक विभिन्न कक्षाओं और विषयों के लिए शिक्षण में कम्प्यूटर और डिजिटल सामग्री का उचित उपयोग करते हैं; विद्यार्थियों को भी कभी–कभी कम्प्यूटर का उपयोग करने का अवसर मिलता है।	अध्यापक पाठ योजना बनाने और उसके क्रियान्वयन में तकनीकी (कम्प्यूटर और डिजिटल सामग्री) का समावेश करते हैं; वे विद्यार्थियों के आकलन के लिए भी कम्प्यूटर का उपयोग करते हैं; प्रत्येक विद्यार्थी को कम्प्यूटर का उपयोग करने का अवसर मिलता है।

ey ekud	fooj.k					
	miyC/krk vkj i;kIrrk			x|.koÙkk vkj mi;kfxrk		
	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3	Lrj&1	Lrj&2	Lrj&3
jEi	विद्यालय में रैम्प नहीं है।	विद्यालय में रैम्प है किंतु निर्धारित मानदंडों के अनुसार नहीं है।	फिसलन रहित धरातल पर रैम्प बने हैं जिसपर चढ़ने में सहायता के लिए रेलिंग लगी है; रैम्प की ढलान और ऊँचाई निर्धारित मापदंडों के अनुसार है।	विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के के लिए रैम्प की सुविधा नहीं है।	विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को रैम्प का उपयोग करते समय किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ती है।	रैम्प इस प्रकार के हैं विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी भी बिना किसी की सहायता के उपयोग कर सकते हैं।
